भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्याः 1173
उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 27 जुलाई, 2026
5 श्रावण,1948 (शक)

यूनेस्को की संभावित सूची में कुट्टनाड कृषि परिदृश्य को शामिल किया जाना

1173. **श्री कोडिकुन्नील सुरेश** :

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने सांस्कृतिक परिदृश्य श्रेणी के अंतर्गत भारत की यूनेस्को विश्व धरोहर की संभावित सूची में केरल के कुट्टनाड कृषि परिदृश्य को शामिल करने के प्रस्ताव की जांच की है और यदि हां, तो उक्त प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ख) क्या सरकार को कुट्टनाड के नामांकन के संबंध में भारतीय वन्यजीव संस्थान, केरल सरकार या किसी अन्य विशेषज्ञ संस्थान से कोई सिफारिशें या तकनीकी इनपुट प्राप्त हुए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने नामांकन डोजियर तैयार करने के लिए आवश्यक प्रारंभिक मूल्यांकन प्रक्रिया और हितधारकों के साथ परामर्श की प्रक्रिया शुरू की है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ;
(घ) क्या सरकार का भारत की संभावित सूची में कुट्टनाड को शामिल करने और इसके बाद यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में इसके नामांकन को सुगम बनाने के लिए एक अंतर-मंत्रालयी समिति या विशेषज्ञ कार्यबल का गठन करने का विचार है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन मंत्री
(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क)और (ख): कुट्टनाड कृषि परिदृश्य, केरल को यूनेस्को की विश्व धरोहर कीअस्थायी सूची में शामिल करने का प्रस्ताव संबंधित राज्य सरकार से प्राप्त नहीं हुआ है।

(ग): जी,नहीं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने प्रारंभिक मूल्यांकन प्रक्रिया शुरू नहीं की है, क्योंकि कुट्टनाड कृषि परिदृश्य, केरल को यूनेस्को की विश्व धरोहर की अस्थायी सूची में शामिल करने का प्रस्ताव संबंधित राज्य सरकार से प्राप्त नहीं हुआ है।

(घ)और (ङ): जी, नहीं । इस संबंध में, भारत की अस्थायी सूची को शामिल करने और यूनेस्को की विश्व धरोहर कीसूची में नामांकन किया जाना सुगम बनाने के लिए अंतर-मंत्रालयी समिति या विशेषज्ञ कार्य बल के गठन का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****